वाणज्यि उत्सव

चर्चा में क्यों?

21-22 सतिंबर, 2021 को **छत्तीसगढ़ के वाणज्यि एवं उद्योग वभिाग** तथा वदिश व्यापार महानदिशालय के संयुक्त तत्वावधान में शैलेक एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसलि के साथ राजधानी रायपुर में दो दविसीय '**वाणज्यि उत्सव**' **सं**पन्न हुआ।

प्रमुख बदिु

- इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कयिा गया था। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतकि संसाधनों से समृद्ध छत्तीसगढ़ देश के नरि्यात परदृिश्य में एक महत्त्वपूर्ण भूमकिा नभिा सकता है एवं यहाँ वाणज्यि एवं उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं। यह वाणज्यि उत्सव राज्य में नरि्यात को बढ़ावा देने में कारगर साबति होगा।
- मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य मंडप का भी उद्घाटन कयिा। जहाँ राज्य के प्रमुख नरि्यातकों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन कयिा गया। साथ ही, उन्होंने 'बंबू द ग्रीन गोल्ड' पुस्तकिा का वमिोचन भी कयिा।
- कार्यक्रम के पहले दनि 'भारत में छत्तीसगढ़ राज्य एक उभरती आर्थकि शक्त' सत्र आयोजति कयिा गया। इस दौरान वभिनि्न प्रस्तुतीकरण दयिे गए एवं बाँस आधारति उद्योगों की संभावनाओं व पर्यावरण अनुकूल तकनीकों, न्यूट्रास्कुटकिल उद्योगों की स्थापना तथा राज्य से वभिनि्न उत्पादों की नरि्यात संभावनाओं की जानकारी दी गई एवं सफल नरि्यातकों से चर्चा की गई।
- कार्यक्रम के दूसरे दनि 22 सतिंबर को नरि्यातक वर्कशॉप के दौरान नरि्यातकों द्वारा सामना की जा रही वत्तिीय एवं नयिामक बाधाओं एवं उनके नराकरण पर आधारति इंटरेक्टवि ओपन हाउस सेशन के तहत चर्चा की गई।
- उल्लेखनीय है कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत की 75 साल की आर्थकि प्रगति को प्रदर्शति करने के लयिे देश के सभी ज़लिों में 'वाणज्यि उत्सव' का आयोजन कयिा जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vanijya-utsav-2